# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक। कहा– अयोध्या के साथ–साथ सभी नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में किया जाय विकसित।
- गंगा एक्सप्रेस–वे का बयासी प्रतिशत से अधिक काम हुआ पूरा। महाकुंभ दो हजार पच्चीस से पहले तैयार हो जायेगा यह एक्सप्रेस–वे।
- केन्द्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज प्रयागराज में हमारा संविधान–हमारा सम्मान पोर्टल को करेंगे लॉन्च।
- बारिश और बाधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के कई जिलों में नदियों का जलस्तर उफान पर। बाढ़ के कारण अब तक प्रभावित हो चुके हैं बाइस जिलों के चौदह सौ छिहत्तर गांव।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रदेश में बिजली उत्पादन और वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के साथ–साथ सभी नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों में उत्साह है। अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने योजना से जुड़ने के लिए पंजीयन कराया है। योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करें। झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में प्रस्तावित सोलर पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से पूरी करें। इसी प्रकार, जैव ऊर्जा नीति के अनुरूप, सीबीजी, बायो कोल और बायो डीजल प्लांट की स्थापना की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र, ट्रांसफॉर्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए। बिजली कनेक्शन में अनावश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज को कम किया जाए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल नहीं मिले और सभी को समय से बिल मिल जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली मीटर जांच, बिल बकाया के नाम पर किसी उपभोक्ता का उत्पीड़न न हो। हर उपभोक्ता के साथ हमारा व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आज प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा–सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा कराया जाए। साथ ही रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आसपास के क्षेत्र में पंप स्टोरेज प्लांट स्थापित किए जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए।

**********

गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण कार्य महाकुंभ–दो हजार पच्चीस से पहले दिसंबर दो हजार चौबीस तक पूरा हो जाएगा। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले इस 594 किमी लंबे एक्सप्रेस–वे से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी। गंगा एक्सप्रेस–वे प्रदेश के 12 जिलों और 5 सौ 18 गांवों से होकर गुजरेगा। इसका निर्माण 36 हजार दो सौ तीस करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस एक्सप्रेस–वे को शुरुआत में सिक्स लेन का बनाया जा रहा है और आगे चलकर इसे आठ लेन का किया जाएगा। इसका अब तक करीब 82 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेस–वे पर शाहजहांपुर के जलालाबाद के पास एक हवाई पट्टी भी होगी। इस हवाई पट्टी की लंबाई साढ़े तीन किलोमीटर रखी गई है। इसका मकसद आपात स्थिति में बड़े बोइंग विमान को उतारने की है। इस एक्सप्रेस–वे पर दो मुख्य जबकि अन्य स्थानों पर 15 रैम्प टोल प्लाजा होंगे।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। एजेंसी ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनटीए की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। शीर्ष अदालत ने स्थानांतरण याचिका को नीट–यूजी परीक्षा रद्द करने की मांग वाली मुख्य याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश दिया, जिन पर 18 जुलाई को सुनवाई होनी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान उच्च न्यायालय के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक के लिए कोई औपचारिक आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि एक बार हमारे नोटिस जारी करने के बाद आम तौर पर उच्च न्यायालय आगे सुनवाई नहीं करते हैं। उधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त

विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी के प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी।

**********

केन्द्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज प्रयागराज में हमारा संविधान–हमारा सम्मान अभियान के दूसरे क्षेत्रीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस मौके पर श्री मेघवाल संविधान और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिये हमारा संविधान–हमारा सम्मान पोर्टल को लॉन्च करेंगे। यह कार्यक्रम भारतीय संविधान को अंगीकृत किये जाने और भारत गणराज्य की 75–वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में 24 जनवरी से 23 अप्रैल दो हजार चौबीस तक मॉय गव प्लेटफार्म पर आयोजित ऑन लाइन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अभियान का उद्‌घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 24 जनवरी दो हजार चौबीस को दिल्ली में किया था।

**********

वन महोत्सव के तहत प्रदेश में 20 जुलाई को एक दिन में 36 करोड़ 46 लाख पौधे लगाने का महाअभियान चलाया जाएगा। प्रदेश सरकार के वन मंत्री अरुण सक्सेना ने आकाशवाणी से खास बातचीत में कहा है कि सरकार का प्रयास ना केवल पेड़ लगाना है बल्कि पेड़ बचाना भी है।

***20 जुलाई को वृक्षारोपण महापर्व है इसदिन हर जिले में हर तहसील में हर ब्लॉक में हर गांव में बड़ी संख्या में पेड़ लगाए जाएंगे। ये पेड़ हर एक के द्वारा लगाए जाएंगे। पेड़ लगाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है एक पेड़ मां के नाम। हमारे मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है पेड़ लगाओं पेड़ बचाओ..हमको पेड़ लगाना है पेड़ बचाना है ..और पेड़ लगाओं अभियान अभी हमने शुरू किया है लगभग 4–5 महीने बाद पेड़ बचाओ अभियान चलाएंगे, तो मैं कहूंगा हम पेड़ लगा रहे हैं पेड़ बचा रहे हैं और पेड़ मां के नाम लगा रहे हैं।***

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये गये। कौशाम्बी जिले में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दो सौ सत्तावन जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें। वाराणसी में आयोजित इस कार्यक्रम में अठहत्तर जोड़ों का विवाह कराया गया। उन्नाव जिले में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में एक सौ उन्यासी जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। महराजगंज में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में छानबे जोड़े विवाह बंधन में बंधे। मेरठ में एक सौ अड़तीस जोड़ों ने सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाया।

**********

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। शाहजहांपुर में रामगंगा, बलिया में घाघरा, गोरखपुर में राप्ती, सिद्धार्थनगर में बूढ़ी राप्ती और कुन्हरा और गोंडा में क्वानो नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अयोध्या में घाघरा और महराजगंज में रोहिन नदी खतरे के जलस्तर से महज आधा मीटर नीचे बह रही हैं। बाढ़ के कारण अब तक प्रदेश के 22 जनपदों के 14 सौ 76 गांव प्रभावित हो चुके हैं। बस्ती जिलें में घाघरा और कुआनो नदी के उफान से वहां के दर्जनों गांव का संपर्क जिले से कट गया है और हजारों एकड़ फसल बाढ़ के पानी में डूब गयी है। प्रभावित जनपदों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की रेस्क्यू टीमें कार्यरत हैं। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रदेश में अब तक एक हजार आठ सौ उन्तीस बाढ़ शरणालय और पांच सौ उन्हत्तर पशु शिविर बनाये गये हैं।

**********

बलिया जिले में कल राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका, मुहपका नियंत्रण टीकाकरण अभियान के चौथे चरण की शुरूआत की गयी। यह अभियान तीस अगस्त तक चलाया जायेगा। अभियान के तहत छः लाख से अधिक गोवंशीय और महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा।

**********

कन्नौज जिले के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में कस्बा समधन में कल शाम एक तालाब में नहाने गये चार बच्चे डूब गये, जिससे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे गोताखोरों ने दो घंटे अनवरत प्रयास के बाद चारों बच्चों के शव तालाब से निकालने में सफलता पाई।

**********